# परीक्षा विभाग

## शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

**क्रमांक/ 1527 /परीक्षा/2024** **दिनांक : 03.06.2024**

## आवश्यक सूचना

**बी.एस-सी./बीसीए के ऐसे विद्यार्थियों जिन्होंने सत्र 2023-24 में वार्षिक पद्धति से सेमेस्टर पद्धति (NEP) के पंचम सेमेस्टर में प्रवेश लिया था**

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक 874/88/सी.सी./22/38, भोपाल, दिनांक 04.11.2022 के निर्देशानुसार सत्र 2023-24 में वार्षिक पद्धति से सेमेस्टर पद्धति **(NEP)** के पंचम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बी.एस-सी./बीसीए तृतीय एवं चतुर्थ तथा पंचम सेमेस्टर के वोकेशनल प्रश्नपत्रों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः सत्र 2023-24 में वार्षिक पद्धति से सेमेस्टर पद्धति **(NEP)** के सेमेस्टर पंचम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम सेमेस्टरों से संबंधित वोकेशनल प्रश्नपत्र उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, जिनकी परीक्षाओं की जानकारी निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | कक्षा | सेमेस्टर | वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र परीक्षा का माह एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस-सी./बीसीए | तृतीय सेमेस्टर वाला | 12 जून 2024 |
| 2 | बी.एस-सी./बीसीए | चतुर्थ सेमेस्टर वाला | जुलाई 2024 (25/27 जुलाई 2024) |
| 3 | बी.एस-सी./बीसीए | पंचम सेमेस्टर वाला | फरवरी-मार्च 2024 में आयोजित हो चुकी है |

**बी.एस-सी./बीसीए तृतीय सेमेस्टर की वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र की परीक्षा :-**

1/ उपरोक्त अनुसार बी.एस-सी./बीसीए तृतीय सेमेस्टर की वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र की परीक्षा 12 जून 2024 को आयोजित की जा रही है। जिन संबंधित विद्यार्थियों ने आज दिनांक परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किये हैं वे तत्काल विलंब शुल्क के साथ जमा करें।

**बी.एस-सी./बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर की वोकेशनल प्रश्नपत्र की परीक्षा :-**

2/ बी.एस-सी./बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर की वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र की परीक्षा जुलाई 2024 में आयोजित की जावेगी। जिन संबंधित विद्यार्थियों को चतुर्थ सेमेस्टर के वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र में सम्मिलित होना है उन्हें बी.एस-सी./बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर एटीकेटी से संबंधित परीक्षा आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से भरना होगा जिसकी सूचना महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

*नोटः- बी.एस-सी./बीसीए तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर वोकेशनल कोर्स प्रश्नपत्र की सीसीई एवं प्रायोगिक परीक्षा हेतु संबंधित विभागाध्यक्ष से अनिवार्यतः संपर्क कर सीसीई एवं प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करें। सीसीई एवं प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर संबंधित प्रश्नपत्र में एटीकेटीटी जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी स्वयं की होगी।*

उपरोक्त परीक्षाओं में अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण होने की दशा में षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

प्रशासनिक अधिकारी<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

प्राचार्य<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर